an>

Title: Need to construct Railway Over Bridge at railway crossing No. 385B in Rampur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

डॉ. नैपाल सिंह (रामपुर) ः मैं सरकार को अवगत कराना चाहता हूँ कि उत्तर रेलवे के मुरादाबाद डिवीजन के अंतर्गत मिलक रेलवे स्टेशन मेरे संसदीय क्षेत्र रामपुर का एक महत्वपूर्ण स्टेशन है। इस स्टेशन के यार्ड में गेट सं.-385 बी होने के कारण प्रतिदिन मालगाड़ी यार्ड में आकर खड़ी हो जाती है और कभी-कभी तो 24 से 72 घंटे तक खड़ी रहती है, जिसके कारण बच्चों का स्कूल जाना, बीमारों को अस्पताल जाना तक बंद हो जाता है। कई बार विद्यार्थी व पैदल यात्री मालगाड़ी के नीचे से निकलते हैं जिससे उनकी जान को खतरा रहता है और हादसे के अवसर बढ़ जाते हैं। जिसमें जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। यह मार्ग पटवायी-शाहबाद-बिलारी जाने-आने का एकमात्र रास्ता है और यहां ट्रैफिक जाम बहुत होता है। तहसील मुख्यालय को जोड़ने के लिए भी लगभग 85 गाँव इस रास्ते को जोड़ते हैं और इस मार्ग पर कई दुर्घटनाएँ भी हो चुकी हैं। कभी-कभी तो मृत लोगों को शमशान घाट ले जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है और यहां के दुकानदारों व व्यापारियों का फाटक बंद होने के कारण बहुत नुकसान होता है। इस वजह से व्यापार भी आधा रह गया है। रेलवे ब्रिज के निर्माण के लिए कई बार धरने-प्रदर्शन भी हो चुके हैं। कई बार सरकार को पत्र भी लिखे जा चुके हैं परंतु पुल के निर्माण की उपेक्षा होती रही है। मेरा सरकार से अनुरोध है कि जन भावनाओं व आक्रोश को देखते हुए यहां पर आर.ओ.बी. की आवश्यकता है। पुल का निर्माण कराने के लिए प्रभावी कार्यवाही करने का कष्ट करें। मैं पुनः सरकार से शीघ्र पुल निर्माण के लिए अनुरोध करता हूँ।